भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 3139

जिसका उत्तर 12.03.2020 को दिया जाना है

केरल में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं

3139. एडवोकेट ए॰ एम॰ आरिफः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) केरल में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की विभिन्न चालू परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति और ब्यौरा क्या है तथा इनको पूरा करने के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है;

(ख) क्या यह सच है कि इनमें से कई परियोजनाओं में विलंब हुआ है और जिसके कारण लागत में वृद्धि हुई है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार द्वारा उक्त परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) वर्तमान में केरल राज्य में लगभग 95 किमी की कुल औसत लंबाई की छः परियोजनाएं भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के माध्यम से निष्पादित की जा रही हैं, जिसमें से दो परियोजनाएं रियायतग्राही/ठेकेदार के साथ वित्तीय संकट, बाधा रहित भूमि की अनुपलब्धता, सार्वजनिक विरोध, कार्यक्षेत्र में बदलाव आदि जैसे कारणों से परियोजनाएं निर्धारित अवधि से अधिक विलंबित हो गई हैं। किसी भी विभाग के साथ किसी भी मुद्दे के मामले में, क्षेत्र अधिकारी संबंधित विभाग के साथ मुद्दों को उठाते हैं।

*****